KK

शास.संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र अनुसूचित जाति विकास ग्वालियर
(न्यू हाईकोर्ट के पास, शारदा बिहार, सिटी सेन्टर फोन नंबर 2231511)

समाचार

अनुसूचित जाति/जनजाति के युवाओ को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण "

अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकीकृत प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत म.प्र. निवासी अनुसूचित जाति व जनजाति के विद्यार्थिओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे–बैक,रेल्वें तथा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा विभिन्न पदों की भर्ती हेतु आयोजित चयन परीक्षाओं की तैयारी के लिये निःशुल्क प्रशिक्षण, शारदा बिहारी, सिटी सेन्टर स्थित ग्वालियर केन्द्र में संचालित किया जा रहा है ।

ऐसे आवेदक जिन्होने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में कम से कम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हो तथा जिनके परिवार की कुल वार्षिक आय 4.00 लाख से अधिक न हो प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्राप्त कर सकता है ।

प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण हेतु 75 स्थान उपलब्ध है । जिसमें 50 प्रतिशत स्थान महिला आवेदकों हेतु सुरक्षित है । महिला अभ्यार्थिओं के स्थान रिक्त रहने पर पुरूष अभ्यार्थिओं को प्रवेश दिया जाता है । प्रवेश हेतु चयन मेरिट के आधार पर किया जाता है ।

प्रशिक्षणार्थिओं के उपयोग के लिये वाचनालय की सुविधा उपलब्ध है । जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित नवीन संस्करन की पुस्तकों के अतिरिक्त पत्र–पत्रिकाए भी उपलब्ध रहती है । प्रशिक्षणार्थी द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण के मूल्यांकन हेतु समय–समय पर आंतरिक परीक्षाऐ आयोजित की जाती है । जिनमें सम्मिलित होना प्रशिक्षणार्थिओं के लिये अनिवार्य होता है ।

प्रशिक्षण पूर्णकालिक है । पूरे सत्र में प्रशिक्षणार्थी को 10 कार्य दिवस का अवकाश की पात्रता होती है । शेष अवधि में शतप्रतिशत उपस्थिति पर छात्रावासी प्रशिक्षणार्थिओं को रूपये 1200/– एवं गैर छात्रावासी प्रशिक्षणार्थिओं को रू.500/– प्रतिमाह की दर से शिष्यवृत्ति प्रदाय की जाती है ।

चयन परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले आवेदक समस्त मूल अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर शारदा बिहार, सिटी सेन्टर प्रशिक्षण केन्द्र फोन नं. 0751–2231511 में निःशुल्क प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु सम्पर्क कर सकते है ।

अपर संचालक
संभागीय अ.जा. परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र
ग्वालियर संभाग ग्वालियर (मध्यप्रदेश)

जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : एफ/प्रशा/प्रवेश/2015/8927 **दिनांक** 22/01/15

प्रतिलिपिः–

1. *समस्त अध्ययनशाला, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।*
2. *कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।*
3. *कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।*
4. वि.वि. वेबसाइट पर प्रकाशित करने हेतु –

उप–कुलसचिव(प्रशा0)

D:/Arjun Bhagat Sir/Letter